tendering in unqualified apology failing which further legal action will be initiated against them.

गुजरात में ट्रांसमीटरों का अधिष्ठापन

864. **श्रीमती आनन्दीबेन जेठाभाई पटेल** : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात में 1991–92, 1992-93 और 1993–94 के दौरान, जिला वार,, कौन-कौन से स्थानों पर दूरसंचार माइक्रोवेव ट्रांसमीटर लगाये गये हैं ;

(ख) अन्य जिलों में उन्हें अधिष्ठापित न करने के कारण क्या हैं ;

(ग) क्या इन सभी ट्रांसमीटरों की क्षमता एक समान है;

(घ) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं ;

(ङ) क्या सरकार आगामी तीन वित्तीय वर्षों में गुजरात में इन ट्रांसमीटरों को लगाने का विचार रखती है;

(च) यदि हां, तो इस प्रयोजन हेतु किन-किन जिलों का चयन किया गया है;

(छ) क्या सरकार आगामी तीन वित्तीय वर्षों में गुजरात के सभी जिलों में स्वचालित दूरभाष केन्द्रों की स्थापना करने का भी विचार रखती है ; और

(ज) यदि हां, तो उसका ब्योरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) ब्यौरे अनुपत्र में दिए गए हैं। [**देखिए परिशिष्ट 172, अनुपत्र सं० 23**]

(ख) पालनपुर (बानसकांठा) को छोड़ कर अन्य सभी जिले माइक्रोवेव प्रणालियों से जोड़ दिए गए हैं। यह जिला कोएक्सियल/ऑप्टिकल फाइबर प्रणाली से जुड़ा हुआ है।

(ग) जी नहीं।

(घ) ब्यौरे अनुबंध में दिए गए हैं। [**देखिए परिशिष्ट 172, अनुपत्र सं० 23**]

(ङ) जी, हां। आने वाले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान गुजरात में और अधिक ट्रांसमीटर संस्थापित करने का प्रस्ताव है।

(च) इस उद्देश्य के लिए सभी जिलों का चयन कर लिया गया है।

(छ) इस समय गुजरात के सभी एक्सचेंज आटोमेटिक हे। इसके बाद केवल आटोमेटिक एक्सचेंज ही संस्थापित किए जा रहे हैं।

(ज) प्रश्न नहीं उठता।

गुजरात में एस०टी०डी० सुविधाएं

865. **श्रीमती उर्मिला चिमनभाई पटेल** : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वर्ष 1995 और 1996 के दौरान गुजरात में सभी स्थानों पर एस० टी० डी० सुविधा उपलब्ध करा दी जायेगी; और

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) और (ख) जी नहीं, इस संबंध में 8वीं पंचवर्षीय योजना के उद्देश्यों में निम्नलिखित की परिकल्पना है :–

- दिनांक 1.4.97 तक सभी एक्सचेंजों में एन०एस०डी०सुविधा प्रदान करना।
- दिनांक 1.4.95 तक उपमंडलीय मुख्यालयों/तहसील मुख्यालयों या उनके बराबर के नगरों तथा 500 और उससे अधिक लाइनों वाले एक्सचेंजों को इसमें शामिल किया जाएगा।
- दिनांक 1.4.95 तक सभी औद्योगिक विकास केन्द्रों, पर्यटन और तीर्थस्थानों को एन०एस०डी० सुविधा प्रदान कर दी जाएगी।

Telephone services at cheaper rates in rural areas of Maharashtra

866. SHRI GOVINDRAO ADIK Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) the names of villages, district-wise, in Maharashtra which are being covered by the scheme of "Providing telephone services at cheaper rates in rural areas" during the year 1994-95 with details thereof;

(b) whether the scheme has not yet been implemented; if so, the reasons therefor; and

(c) by when it is likely to be implemented?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM): (a) and (b) A target of covering 6449 villages in Maharashtra under the policy of Village Public Telephones, which provides telephone services at cheaper rates in rural areas, has been fixed for the year 1994-95. The scheme is being implemented, and, as on 30-11-94, 1170 villages of Maharashtra have been covered during the current financial year. Districtwise details are given in the statement (*See* below) Directory of names of such villages has not been finalised as yet.

(c) Such a scheme of covering all the villages with telephone services in the country, including those of Maharashtra is likely to be implemented progressively by March, 1997 subject to availability of resources

Statement

District-wise details of Villages in Maharashtra provided with Telephone facility during 1994-95 *(as on* 30-11-94)

Sl. No.	Name of the District	PTs provided during 1994-95 (1-4-94 to 30-11-94)
	(GM Vidarbha)	
1	Akola	130
2	Amravati	22
3	Bhandara	34
4	Buldhana	132
5	Chandrapur	52